# 01.

# राजस्थान : संक्षिप्त अवलोकन

**1. राजस्थान के उत्तर से दक्षिण तथा पूर्व से पश्चिम विस्तार में अन्तर है-**

(a) 41 किलोमीटर (b) 42 किलोमीटर
(c) 40 किलोमीटर (d) 43 किलोमीटर

**कनिष्ठ लिपिक अभियन्ता 18-05-2022**

**Ans. (d) :** राजस्थान भारत का सबसे बड़ा (क्षेत्रफल की दृष्टि से) राज्य है। राजस्थान का कुल क्षेत्रफल 342,239 वर्ग किमी. है। इसका उत्तर से दक्षिण का विस्तार 826 किमी. तथा पूर्व से पश्चिम का विस्तार 869 किमी. है। अतः दोनों का अन्तर 43 किमी. है। इसलिए विकल्प (d) सही है।

**2. राजस्थान में कुल वन क्षेत्र है**

(a) 32,488 वर्ग कि.मी. (b) 32, 701वर्ग कि.मी.
(c) 30,640 वर्ग कि.मी. (d) 36,225 वर्ग कि.मी.

**RPSC-2011**

**Ans. (b) :** भारतीय वन सर्वेक्षण-राज्य वन रिपोर्ट 2021(ISFR-2021) के अनुसार राजस्थान में लगभग 32,863 वर्ग किलोमीटर का वन क्षेत्र (RFA) दर्ज किया गया है। यह वन क्षेत्र राज्य के भौगोलिक क्षेत्र का 9.60प्रतिशत और भारत के वन क्षेत्र का लगभग 4.23 प्रतिशत भाग शामिल है। अतः विकल्प (b) सही है।

**3. निम्नलिखित में से राजस्थान के किस जिले की अंतर्राष्ट्रीय सीमा सबसे छोटी है?**

(a) जैसलमेर (b) बीकानेर
(c) बाड़मेर (d) गंगानगर

**कनिष्ठ अनुदेशक कार्यशाला गणना एवं विज्ञान -2018**

**RPSC-2020**

**Ans. (b) :** राजस्थान भारत के पश्चिम में स्थित राज्य है। इसकी सीमा पाकिस्तान से लगती है। राजस्थान का बाड़मेर, जैसलमेर, बीकानेर और गंगानगर जिला पाकिस्तान के साथ अंतर्राष्ट्रीय सीमा बनाते है। इसमें बीकानेर की सीमा (168 कि.मी.) सबसे कम अन्तर्राष्ट्रीय सीमा बनाती है। सबसे अधिक जैसलमेर (464 कि.मी.) की सीमा बनाती है।

**4. 'भारत के मरूस्थलीकरण एवं भूअवनयन एटलस (इसरो-2007)' के अनुसार राजस्थान में मरूस्थलीकरण से प्रभावित क्षेत्र है**

(a) 70% (b) 67%
(c) 65% (d) 59%

**RPSC-2017**

**Ans. (b) :** भारत के मरूस्थलीकरण एवं भूअवनयन एटलस (इसरो-2007) के अनुसार राजस्थान में मरूस्थलीकरण से प्रभावित क्षेत्र 67प्रतिशत है। राजस्थान में मरूस्थल का विस्तार जैसलमेर, बाड़मेर, बीकानेर, श्रीगंगानगर,चुरू,जोधपुर,नागौर, पाली एवं जालौर आदि जिलो में है।

**5. निम्न में से जिस जिले की सीमा गुजरात से स्पर्श नहीं करती है, वह है:**

(a) प्रतापगढ़ (b) जालोर
(c) बाड़मेर (d) डूँगरपुर

**RPSC-2017**

**Ans. (a) :** राजस्थान के छः जिलों (बाड़मेर जालौर, सिरोही उदयपुर, डूंगरपुर एवं बांसवाड़ा) की सीमा गुजरात से लगती है। प्रतापगढ़ की सीमा मध्य प्रदेश से लगती है।

**6. 'भोराट पठार' जिसके मध्य स्थित है, वह है**

(a) अचलगढ़ एवं तारागढ़ (b) गोगुन्दा एवं बैराठ
(c) कुम्भलगढ़ एवं गोगुन्दा (d) जरगा एवं अचलगढ़

**RPSC-2017**

**Ans. (c) :** भोराट का पठार उदयपुर के उत्तर-पश्चिम में गोगुन्दा व कुंभलगढ़ के बीच स्थित है। उड़िया पठार राजस्थान का सबसे ऊँचा पठार है, जो गुरू शिखर से नीचे स्थित है।

**7. 1800 ईस्वी में किस विद्वान ने प्रथम बार वर्तमान राजस्थान क्षेत्र के लिए राजपूताना नाम का उपयोग किया?**

(a) कर्नल टॉड (b) जार्ज थॉमस
(c) मैक्स मूलर (d) वी. स्मिथ

**Head Cleark Combined Exam-2018**

**Ans. (b) :** 1800 ई. में जार्ज थॉमस ने प्रथम बार वर्तमान राजस्थान क्षेत्र के लिए राजपूताना नाम का उपयोग किया। इस तथ्य की जानकारी जार्ज थॉमस की पुस्तक 'ए मिलिट्री मेम्बायर्स ऑफ जार्ज थॉमस' (1805) से मिलती है। कर्नल जेम्स टार्ड 1829 ई. लन्दन से प्रकाशित एनल्स एण्ड एन्ड्री क्यूटि ऑफ राजस्थान सेन्ट्रल एण्ड वेस्टर्न राजपूत स्टेट ऑफ इण्डिया में रास्थान शब्द का प्रयोग किया था।

**8. निम्नलिखित में से किस जिले में अन्तर्राष्ट्रीय और अन्तर्राज्यीय सीमा दोनों हैं?**

(a) हनुमानगढ़ (b) बाड़मेर
(c) जालौर (d) बीकानेर

**House Keeper 2022_09.07.2022**

**Ans. (b) :** राजस्थान के दो ऐसे जिले हैं जिनसे अन्तर्राज्यीय और अंतर्राष्ट्रीय सीमा लगती है–
(1) गंगानगर पाकिस्तान व पंजाब
(2) बाड़मेर पाकिस्तान व गुजरात

**9. नीचे दिये गये राजस्थान के जिलों में से किसकी सीमा पाकिस्तान से नहीं लगती?**

(a) श्रीगंगानगर (b) जोधपुर
(c) जैसलमेर (d) बाड़मेर

**Prayogshala Sahayak (Geography)-30.06.2022**

**Ans. (b) :** राजस्थान राज्य के चार जिलों की कुल 1070 किमी. की सीमा (रेडक्लिफ लाइन) पाकिस्तान के साथ लगती है, जिसमें जोधपुर शामिल नहीं है। राजस्थान के ये चार जिले हैं-

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | जैसलमेर | - | 464 किमी. |
| (ii) | बाड़मेर | - | 228 किमी. |
| (iii) | श्रीगंगानगर | - | 210 किमी. |
| (iv) | बीकानेर | - | 168 किमी. |



Nitin-Gupta.com
GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

10. क्षेत्रफल में राजस्थान का जैसलमेर जिला धौलपुर जिले से कितना बड़ा है-
(a) 15.22 गुण (b) 16.66 गुणा
(c) 12.66 गुणा (d) 11.22 गुणा
**Lab Assistant Exam Date- 13.11.2016**

**Ans. (c)** जैसलमेर राजस्थान का सबसे बड़ा जिला तथा भारत का तीसरा सबसे बड़ा जिला है। इसका क्षेत्रफल 38,401 वर्ग किमी है। जबकि धौलपुर राजस्थान का सबसे छोटा जिला है जिसका क्षेत्रफल 3,033 वर्ग किमी है। इस प्रकार क्षेत्रफल के अनुसार जैसलमेर जिला, धौलपुर से 12.66 गुना बढ़ा है।

11. केन्द्रीय भूजल बोर्ड की रिपोर्ट 2011 के अनुसार राजस्थान में सुरक्षित जल भंडार वाले विकास खण्डों की संख्या है
(a) 25 (b) 30
(c) 35 (d) 40
**RPSC School Lecturer-26-04-2017**

**Ans. (*) :** केन्द्रीय भूजल बोर्ड की रिपोर्ट 2011 के अनुसार राजस्थान में सुरक्षित जल भंडार वाले विकास खण्डों की संख्या ज्ञात नहीं है। अतः आयोग ने इस प्रश्न के उत्तर में स्टार इंगित किया है।
• भूजल विकास और प्रबंधन के अनुसार अत्यधिक भूजल शोषण वाले विकास खण्डों की संख्या 140 है। नाजुक स्थिति वाले विकास खण्डों की संख्या 50 एवं अर्थ-महत्त्वपूर्ण विकासखण्डों की संख्या 14 है।

12. निम्नलिखित में से कौनसा (प्राचीन अंलच-वर्तमान जिल/जिला) सुमेलित नहीं है?
(a) शिवि- चित्तौड़गढ़
(b) जाँगलदेश- बीकानेर
(c) सपादलक्ष- सीकर और झुन्झुनू
(d) अर्बुद- सिरोही
**Kanisht Abhiyanta (Civil)-18.05.2022**

**Ans. (c) :** सही सुमेलित है-

| **प्राचीन अंचल** | - | **वर्तमान जिला** |
|---|---|---|
| शिवि | - | चित्तौड़गढ़, उदयपुर |
| जाँगलादेश | - | बीकानेर |
| सपादलक्ष | - | नागौर |
| अर्बुद | - | सिरोही |

13. राजस्थान के इनमें से किस शहर को 'बावड़ियों का शहर' कहते हैं?
(a) जालोर (b) दौसा
(c) बूँदी (d) जैसलमेर
**स्टेनोग्राफर भर्ती परीक्षा-2019 (21 मार्च, 2021)**

**Ans. (c)** राजस्थान में बूंदी को बावड़ियों का शहर तथा स्वर्ण नगरी, कहा जाता है। जबकि जैसलमेर को राजस्थान का अंडमान जयपुर को भारत का पेरिस तथा गुलाबी शहर कहा जाता है। उदयपुर को पूर्व का बेनिस कहा जाता है।

14. क्षेत्रफल के अनुसार दिए हुए जिलों का सही अवरोही क्रम है-
(i) जैसलमेर (ii) नागौर (iii) टोंक
(a) (iii), (ii), (i) (b) (ii), (iii), (i)
(c) (i), (ii), (iii) (d) (iii), (i), (ii)
**स्टेनोग्राफर भर्ती परीक्षा-2019 (21 मार्च, 2021)**

**Ans. (c)** क्षेत्रफल के अनुसार प्रश्नगत राजस्थान के जिलों का अवरोही क्रम- जैसलमेर (38401किमी$^2$) > नागौर (17718 किमी$^2$)> टोंक (7194किमी$^2$)

15. राजस्थान के किस जिले में एक 'युद्ध संग्रहालय' की स्थापना अगस्त, 2015 में की गई?
(a) सीकर (b) जैसलमेर
(c) जोधपुर (d) बाड़मेर
**संगणक भर्ती परीक्षा-2021 (19 दिसम्बर, 2021)**

**Ans. (b)** राजस्थान के जैसलमेर जिले में एक युद्ध संग्रहालय की स्थापना अगस्त, 2015 में की गई। दक्षिण कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट जनरल अशोक सिंह ने 1965 के भारत-पाक युद्ध की स्वर्ण जयंती समारोह के अवसर पर जैसलमेर में ''युद्ध संग्रालय'' का उद्घाटन किया।
- युद्ध संग्रहालय के अन्दर दो बड़े सूचना प्रदर्शन हॉल एक ऑडियो विजुअल रूम और सुव्यवस्थित दुकाने स्थापित की गयी हैं।
- संग्रहालय में युद्ध में जल हथियारों, टैंको एवं सैन्य वाहनों की एक विस्तृत श्रृंखला को प्रदर्शित किया गया है।
- भरतीय वायु सेना द्वारा 1971 में भारत-पाक युद्ध के दौरान लोंगेवाला ऑपरेशन में प्रयुक्त हंटर विमान को भी संग्रहालय में प्रदर्शित किया गया है।

16. राजस्थान में वह जिला जिसके मुख्यालय का नाम उस जिले के नाम से भिन्न है-
(a) राजसमन्द (b) प्रतापगढ़
(c) पाली (d) डूंगरपुर
**संगणक भर्ती परीक्षा- 2018 (5 मई, 2018)**

**Ans. (a)** राजस्थान के राजसमन्द जिला जिसके मुख्यालय का नाम राजनगर शहर है। जो जिले के नाम से मिला है। राजसमंद को उदयपुर से पृथक कर 10 अप्रैल, 1991 को एक अलग जिला बनाया गया। राजसमंद झील के किनारे विश्व की सबसे बड़ी राजसिंह प्रशस्ति स्थित है, यह संगमरमर के 25 शिलालेखों पर खुदी हुई है। 18 जून, 1576 को हल्दी घाटी का युद्ध राजसमंद जिले में हुआ था।

17. राजस्थान में छावनी बोर्ड किस शहर में है?
(a) माउण्ट आबू (b) एरिनपुरा
(c) नसीराबाद (d) देवली
**सहायक अग्निशमन अधिकारी (एएफओ) -2021**

**Ans. (c)** राजस्थान के नसीराबाद शहर में छावनी बोर्ड स्थित है। इसकी स्थापना वर्ष 1818 में हुई थी। यह 5601.0870 एकड़ क्षेत्र में फैला है जिसमें 216.4557 एकड़ अधिसूचित नागरिक क्षेत्र शामिल हैं। नसीराबाद छावनी नगरपालिका, राजस्व और भूमि मामलों और क्षेत्र के समग्र विकास के लिए छावनी बोर्ड द्वारा प्रशासित है।

18. राजस्थान का राज्य पशु कौन सा है?
(a) गोडावण (b) चीता
(c) काला हिरण (d) चिंकारा
**पुस्तकालय (लाइब्रेरियन) भर्ती परीक्षा- 2019**

**Ans. (d)** राजस्थान का राज्य पशु चिंकारा (वन्य जीव) एवं ऊँट (पालतू पशु) है। राज्य सरकार की अधिसूचना के अनुसार चिंकारा के साथ-साथ अब ऊँट भी राज्य पशु बन गया है। राज्य का राजकीय वृक्ष-खेजड़ी तथा राज्य पुष्प रोहिड़ा है। राजस्थान का रष्ट्रीय पक्षी गोड़ावण है।



Nitin-Gupta.com
GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

19. **राजस्थान का राज्य वृक्ष है**

(a) खेजड़ी (b) रोहिड़ा
(c) पीपल (d) नीम

**RPSC SI 03-09-2021**

**Ans. (a) :** उपरोक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

20. **राजस्थान में करौली जिले का गठन कब हुआ था?**

(a) 07.09.95 (b) 19.07.97
(c) 17.09.98 (d) इनमें से कोई नहीं

**पटवार -2020 (24 अक्टूबर, 2021) Shift-IV**

**Ans. (b)** राजस्थान सरकार द्वारा 1मार्च 1997 को सवाई माधोपुर जिले की पांच तहसीलों को मिलाकर एक अलग जिला करौली का गठन किया गया। 15 जुलाई 1997 को करौली जिला निर्माण की अधिसूचना जारी की गयी तथा तत्कालीन मुख्यमंत्री श्री भैरोसिंह शेखावत द्वारा 19 जुलाई 1997 को इस जिले का औपचारिक उद्घाटन किया गया।

21. **गंगानगर से हनुमानगढ़ जिले का गठन कब हुआ था?**

(a) 01.08.94 (b) 18.04.96
(c) 18.04.95 (d) 12.07.94

**पटवार 2020 (24 अक्टूबर, 2021) Shift-III**

**Ans. (d)** हनुमानगढ़ जिले का गठन 12.07.1994 को गंगानगर जिले से पृथक कर राजस्थान राज्य के 31वें जिले के रूप में किया गया था। बीकानेर संभाग के गंगानगर जिले की सात तहसीलों संगरिया, टिब्बी, हनुमानगढ़, पीलीगंगा, रावतसर, नोहर और भादरा को हनुमानगढ़ के नवनिर्मित जिले में शामिल किया गया।

22. **निम्नलिखित में से कौन से राजस्थान के संलग्न जिले हैं?**

(a) झालावाड़, बूँदी, टोंक (b) सिरोही, पाली, जालौर
(c) चुरू, झुंझुनू, जयपुर (d) सिरोही, बाड़मेर, जैसलमेर

**पटवार-2020 (23 अक्टूबर, 2021)**

**Ans. (b)** सिरोही पाली, जालौर राजस्थान के संलग्न जिले हैं। क्षेत्रफल की दृष्टि से राजस्थान भारत का सबसे बड़ा राज्य है। यह भारत के कुल क्षेत्रफल का 10.41% है। राजस्थान की सीमा दक्षिण-पश्चिम में गुजरात, दक्षिण-पूर्व में मध्य प्रदेश, उत्तर-पूर्व में उत्तर-प्रदेश और हरियाणा तथा उत्तर में पंजाब से लगती है।

23. **राजस्थान में कुल आबाद गाँवों का कितना प्रतिशत विद्युतीकृत है?**

(a) 90 (b) 98
(c) 100 (d) 92

**LDC Exam 16.09.2018**

**Ans. (c)** राजस्थान के कुल आबाद गाँवों का 100 प्रतिशत विद्युतीकरण हो गया है। विद्युत मंत्रालय के अनुसार 28 अप्रैल, 2018 तक देश के लगभग सभी गाँव विद्युतीकृत हो गए हैं। पिछले दो वर्षों यानि 2017-18 और 2018-19 (28 अप्रैल, 2018 तक) दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना (DDUGJY) के तहत 5,251 गैर-विद्युतीकृत आबादी वाले गाँवों का विद्युतीकरण किया गया था।

24. **निम्न में से राजस्थान के कौन-से जिले का प्रतीक 'मोर' है?**

(a) अजमेर (b) भीलवाड़ा
(c) दौसा (d) हनुमानगढ़

**LDC Exam 12.08.2018**

**Ans. (b)** भीलवाड़ा जिले का प्रतीक 'मोर' पक्षी है। राजस्थान राज्य ने प्रदेश के 33 प्रजातियों को बचाने के लिए एक नायाब पहल की है। प्रत्येक जिले को अब किसी वन्य जीव (पशु या पक्षी) के नाम से जाना जाएगा। राजस्थान देश का ऐसा पहला राज्य होगा, जिसने वन्यजीवों के अनुसार जिलों का मस्कट (शुभंकर) तय किया है।

25. **राजस्थान की भाषा के लिए 'राजस्थानी' शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम किसने किया था?**

(a) कवि कुशल लाभ (b) सूर्यमल्ल मिश्रण
(c) जार्ज अब्राहम ग्रियर्सन (d) जैम्स टॉड

**कृषि पर्यवेक्षक भर्ती परीक्षा-2018**

**Ans. (c)** जार्ज अब्राहम गियर्सन ने पहली बार राजस्थान की भाषा के लिए 'राजस्थानी' शब्द का प्रयोग किया था। 1912 ई. में भारत के भाषाई सर्वेक्षण में इस शब्द का उपयोग किया था। जार्ज अब्राहम ग्रियर्सन का जन्म डब्लिन (आयरलैंड) में हुआ था।

26. **जलवायवीय दशाओं और कृषिगत उत्पादनों के आधार पर राजस्थान को कितने कृषि-जलवायु क्षेत्रों में विभक्त किया गया है?**

(a) 12 (b) 8
(c) 10 (d) 15

**कनिष्ठ अभियन्ता (सिविल)-2020**

**Ans. (c)** जलवायवीय दशाओं और कृषिगत उत्पादनों के आधार पर राजस्थान को 10 कृषि-जलवायु क्षेत्रों में विभक्त किया गया है।
राजस्थान के 10 कृषि - जलवायु क्षेत्र इस प्रकार है–

I. शुष्क उत्तर-पश्चिमी रेतीला मैदान [IA]
II. सिंचित उत्तर-पश्चिमी मैदान [IB]
III. उप-आर्द्र दक्षिणी मैदान [IVA]
IV. आर्द्र दक्षिणी मैदान [IVB]
V. आर्द्र दक्षिण-पूर्वी मैदान [V]
VI. अंतर्देशीय जल निकासी व संक्रमणकालीन मैदान
VII. लूनी बेसिन का जलीढ़ मैदान [IIB]
VIII. अर्ध शुष्क पूर्वी मैदान [IIIA]
IX. बाढ़ संभावित पूर्वी मैदान [IIIB]
X. अति-शुष्क आंशिक सिचिंत क्षेत्र [IC]

नोट- आयोग द्वारा इस प्रश्न को मूल्यांकन से बाहर कर दिया है, जबकि इसका सही उत्तर विकल्प (c) सही है।

27. **राजस्थान का वह जिला जिसकी सीमा मध्यप्रदेश तथा गुजरात से लगती है, वह है-**

(a) बाँसवाड़ा (b) उदयपुर
(c) प्रतापगढ़ (d) डूँगरपुर

**कनिष्ठ अनुदेशक (मैकेनिक डीजल इंजन)-2018**

**Ans. (a)** राजस्थान का बाँसवाड़ा जिला जिसकी सीमा मध्यप्रदेश तथा गुजरात से लगती है। राजस्थान के 9 जिले मध्यप्रदेश के साथ सीमा बनाते है। गुजरात के साथ राजस्थान के 6 जिले सीमा साझा करते है।

28. **राजस्थान के निम्न में किस जिले से कर्क रेखा गुजरती है?**

(a) डूँगरपुर (b) उदयपुर
(c) प्रतापगढ़ (d) झालावाड़

**कनिष्ठ अनुदेशक (मैकेनिक डीजल इंजन)-2018**

**Ans. (a)** कर्क रेखा विषुवत रेखा के उत्तर में $23\frac{1}{2}°$ अंक्षाशा पर स्थित है जो भारत के 8 राज्यों में होकर गुजरती है। यह राजस्थान के बाँसवाड़ा, डूंगरपुर जिले से होकर गुजरती है।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"
Nitin-Gupta.com

**29. राजस्थान के निम्नलिखित में से किस जिले से होकर कर्क रेखा गुजरती है?**

(a) गंगानगर (b) बाँसवाड़ा

(c) कोटा (d) झालावाड़

**कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (रसायन) भर्ती परीक्षा-2019**

**Ans. (b)** उपरोक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**30. राजस्थान की कुल स्थलीय सीमा है-**

(a) 5620 किमी (b) 5920किमी

(c) 5000 किमी (d) 6000 किमी

**Complier Exam Date-21.08.2016**

**कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (विष)-2019**

**Ans. (b)** क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत के सबसे बड़े राज्य राजस्थान की कुल स्थलीय सीमा 5920 किमी. है। जिसमें से 4850 किमी. अन्तर्राज्यीय तथा 1070 किमी. अन्तर्राष्ट्रीय सीमा है। इसकी अन्तर्राज्यीय सीमा 5 राज्यों उ0प्र0, म0प्र0, गुजरात, पंजाब व हरियाणा तथा अन्तर्राष्ट्रीय सीमा पाकिस्तान से लगती है।

**31. कितने राज्यों की सीमाएँ राजस्थान से लगती है?**

(a) 6 (b) 4

(c) 5 (d) 3

**कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (विष)-2019**

**Ans. (c )** राजस्थान राज्य की सीमा पाँच राज्यों से लगती है। साथ ही साथ एक अन्तर्राष्ट्रीय सीमा पाकिस्तान (1070 किमी.) से लगती है। सबसे लम्बी सीमा मध्य प्रदेश से (1600 किमी.) लगती है-

| | | |
|---|---|---|
| गुजरात | - | 1022 किमी. |
| हरियाणा | - | 1262 किमी. |
| मध्य प्रदेश | - | 1600 किमी. |
| उत्तर प्रदेश | - | 877 किमी. |
| पंजाब | - | 89 किमी. |

**32. निम्नलिखित जोड़ों में से कौन सा सुमेलित नहीं है?**

(a) सज्जनगढ़-उदयपुर

(b) रणथम्भौर-सवाईमाधोपुर

(c) सरीस्का-अलवर

(d) रामसागर-कोटा

**कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (प्रलेख)-2019**

**Ans. (d)** सही सुमेलन इस प्रकार है-

| स्थल | | जनपद |
|---|---|---|
| सज्जनगढ़ वन्य जीव अभ्यारण | – | उदयपुर (राजस्थान) |
| रणथम्भौर राष्ट्रीय उद्यान | – | सवाईमाधोपुर (राजस्थान) |
| सरिस्का बाघ अभ्यारण | – | अलवर (राजस्थान) |
| रामसागर वन्य जीव अभ्यारण | – | धौलपुर (राजस्थान) |

**33. निम्नलिखित में से राजस्थान के किन जिलों की सीमा रेखा गुजरात से मिलती है?**

(1) उदयपुर (2) बाँसवाड़ा

(3) डूंगरपुर (4) प्रतापगढ़

**नीचे दिये गये कूट का उपयोग करते हुए सही उत्तर चुनिए :**

(a) (1), (2), (3),तथा (4) (b) (1), (2), तथा (3)

(c) (1), (2) तथा (4) (d) (2), (3) तथा (4)

**कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (सीरम)-2019**

**Ans. (b)** राजस्थान के गुजरात से लगने वाले जिले क्रमशः जालौर, सिरोही, उदयपुर, डूंगरपुर, बांसवाड़ा, बाड़मेर है, जबकि प्रतापगढ़ की सीमा मध्य प्रदेश से लगती है। प्रतापगढ़ राजस्थान का नवीनतम जिला है।

**34. वृहत्तर राजस्थान का उद्घाटन किसने किया?**

(a) जवाहरलाल नेहरू (b) सरदार वल्लभभाई पटेल

(c) बाबू राजेन्द्र प्रसाद (d) वी.पी. मेनन

**कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (सीरम)-2019**

**Ans. (b)** बृहत्तर राजस्थान का उद्घाटन सरदार पटेल ने (30 मार्च, 1949) किया। इसमें जयपुर, जोधपुर, बीकानेर, लावा और जैसलमेर रियासतें शामिल थे।

**35. निम्न को सुमेलित कीजिए एवं नीचे दिये गये कूटों की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए-**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| (1) चिंकारा | (i) जांटी |
| (2) गोड़ावन | (ii) राष्ट्रीय पक्षी |
| (3) खेजड़ी | (iii) राज्य पक्षी |
| (4) मोर | (vi) राज्य पशु |

| | (1) | (2) | (3) | (4) |
|---|---|---|---|---|
| (a) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |
| (b) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (c) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (d) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |

**कनिष्ठ अनुदेशक भर्ती परीक्षा-23.12.2019**

**Ans. (a)** सूची-I और सूची-II का सुमेल निम्नलिखित है-

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| 1. चिंकारा | (ii) राज्य पशु |
| 2. गोड़ावन | (i) राज्य पक्षी |
| 3. खेजड़ी | (iv) जांटी |
| 4. मोर | (iii) राष्ट्रीय पक्षी |

गोड़ावन पक्षी जिसे "ग्रेट इंडियन बस्टर्ड" भी कहा जाता है को 1981 ई. में राजस्थान का राज्य पक्षी घोषित किया गया था।

**36. उदयपुर राज्य का पुरातन नाम था-**

(a) जांगल देश (b) कुरुक्षेत्र

(c) शिवी (d) योद्धेय

**कनिष्ठ अनुदेशक भर्ती परीक्षा-2018**

**Ans. (c)** उदयपुर को झीलों का शहर तथा वेनिस ऑफ द ईस्ट कहा जाता है। उदयपुर का प्रचीन नाम शिवि था। इस शहर की स्थापना 1553 ई. में महारजा उदयसिंह द्वितीय ने की थी जिसे मेवाड़ राज्य की राजधानी घोषित किया गया।

**37. निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सुमेलित है?**

| | क्षेत्र | जिला |
|---|---|---|
| (a) | बागेर | बूँदी |
| (b) | वागड | बाँसवाड़ा |
| (c) | भाकर | सीकर |
| (d) | गिरवा | डूँगरपुर |

**कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (रसायन) भर्ती परीक्षा-2019**



Nitin-Gupta.com

GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

Ans. (b) सही सुमेलन इस प्रकार है–

| क्षेत्र | | जिला |
|---|---|---|
| बागेर | – | झुंझुनू |
| वागड | – | बाँसवाड़ा |
| भाकर | – | पूर्वी सीरोही |
| गिरवा | – | उदयपुर |

**38. राजस्थान का क्षेत्रफल भारत के कुल क्षेत्रफल का कितना प्रतिशत है-**

(a) 10.41 (b) 9.51
(c) 12.61 (d) 10.85

**JEN Mechanical Degree (Tsp Area)16.10.2016**

**Ans. (a)** राजस्थान राज्य का क्षेत्रफल 132140 वर्ग मील (342,239 वर्ग किलोमीटर) है। यह भारत के कुल क्षेत्रफल का 10.41 प्रतिशत है। उल्लेखनीय है कि क्षेत्रफल की दृष्टि से राजस्थान भारत का सबसे बड़ा राज्य है।

**39. राजस्थान राज्य की अन्तर्राष्ट्रीय सीमा की लम्बाई है**

(a) 1,070 किलोमीटर (b) 4, 850 किलोमीटर
(c) 1, 869 किलोमीटर (d) 5,920 किलोमीटर

**JEN Civil Diploma 21.08.2016**

**Ans. (a)** राजस्थान की कुल स्थलीय सीमा लम्बाई 5920 किमी. है। इसमें से 1070 किमी. लम्बाई अन्तर्राष्ट्रीय सीमा है। जो पाकिस्तान के साथ लगती है। इस अन्तर्राष्ट्रीय सीमा को रेडक्लिफ रेखा के नाम से जाना जाता है।

**40. 'क्षारबाग' स्थित है-**

(a) बूँदी (b) जोधपुर
(c) बीकानेर (d) अजमेर

**JEN Civil Diploma (Tsp Area) 16.10.2016**

**Ans. (a)** क्षारबाग राजस्थान के बूँदी जिले में स्थित है। यह बूँदी के शाही परिवार का स्मारक है। यह छत्र विलास गार्डेन के पास शिकार बुर्ज जैत सागर रोड पर स्थित है।

**41. पूर्व राजस्थान (25 मार्च, 1948) का उद्घाटन किसने किया-**

(a) एन.वी. गाडगिल (b) जवाहरलाल नेहरू
(c) सरदार पटेल (d) शोभाराम कुमावत

**JEN Civil Degree Exam Date - 16.10.2016**

**Ans. (a)** पूर्व राजस्थान (25 मार्च, 1948) का उद्घाटन एन.वी. गाडगिल ने किया था। बांसवाड़ा, डूंगरपुर, झालावाड़, किशनगढ़, प्रतापगढ़, शाहपुरा, टोंक और कोटा को मिलाकर पूर्व राजस्थान का निर्माण किया गया था। इसकी राजधानी कोटा थी।

**42. राजस्थान राज्य की आकृति है-**

(a) चतुष्कोणीय (b) विषमकोणीय
(c) समकोणीय (d) षट्कोणीय

**Complier Exam Date-21.08.2016**

**JEN Mechanical Degree (Non TSP Area) 21.8.2016**

**Ans. (b)** राजस्थान राज्य की आकृति ''विषमकोणीय'' चतुर्भुज के समान है। इसकी आकृति के बारे में सर्वप्रथम टी.एच. हेण्डले ने बताया था। राजस्थान भारत का क्षेत्रफल के आधार पर सबसे बड़ा राज्य है। इसका क्षेत्रफल 3, 42, 239 वर्ग किमी. है। इसका अक्षांक्षीय विस्तार 23° 3' से 30° 12' उत्तर तक तथा देशांतरीय विस्तार 69° 29' से 78° 17' पूर्व तक है। राजस्थान राज्य की उत्तर से दक्षिण लम्बाई 826 किमी. और पूरब से पश्चिम लम्बाई 869 किमी है।

**43. 18 अप्रैल, 1948 को संयुक्त राजस्थान का उद्घाटन किसने किया?**

(a) सरदार वल्लभभाई पटेल (b) जवाहरलाल नेहरू
(c) सी. राजगोपालाचारी (d) वी.पी. मेनन

**हाथकरघा निरीक्षक (उद्योग विभाग) भर्ती परीक्षा -2018**

**Ans. (b)** राजस्थान के संयुक्तीकरण के तीसरे चरण-18 अप्रैल-1948 ई. को उद्घाटन पण्डित जवाहर लाल नेहरू द्वारा कोटा जिले के कोटा दुर्ग में किया गया था। उस समय संघ के अध्यक्ष मेवाड़ के भूपाल सिंह थे।

**44. वह जिला जो 'सौ द्वीपों के क्षेत्र' के नाम से जाना जाता है-**

(a) झालावाड़ (b) बांसवाड़ा
(c) डूंगरपुर (d) सिरोही

**हाथकरघा निरीक्षक (उद्योग विभाग) भर्ती परीक्षा -2018**

**Ans. (b)** राजस्थान का बांसवाड़ा जिला राज्य के दक्षिणी भाग में स्थित है। बांसवाड़ा जिले से 'माही नदी' बहती है जो कई छोटी-छोटी द्वीपों का निर्माण करती है जिसके कारण इस जिले को 'सौ द्वीपों का क्षेत्र' की संज्ञा दी जाती है।

**45. राजस्थान स्थापना दिवस मनाया जाता है-**

(a) 03 मार्च (b) 23 मार्च
(c) 30 मार्च (d) 31 मार्च

**VDO-2021 Exam Date 27.12.2021 Shift-II**

**Ans. (c)** राजस्थान राज्य का गठन 30 मार्च, 1949 को हुआ था। इसलिए प्रतिवर्ष 30 मार्च को स्थापना दिवस मनाया जाता है। इसका क्षेत्रफल 342,239 वर्ग किलोमीटर या भारत के कुल भौगोलिक क्षेत्र का 10.4 प्रतिशत शामिल है। यह क्षेत्रफल की दृष्टि से सबसे बड़ा भारतीय राज्य है। इसकी राजधानी जयपुर है।

**46. राजस्थान का कौन-सा जिला IWRM के लिए चयनित नहीं था?**

(a) पाली (b) सीकर
(c) चूरू (d) जयपुर

**Economic Investigator (उद्योग विभाग) -2018**
**(Exam Dt. 25 March 2019)**

**Ans. (d)** जल की गुणवत्ता निगरानी नेटवर्क तथा उनके नमूने लेने सम्बन्धी संग्रह हेतु 'एकीकृत जल संसाधन प्रबंधन (IWRM)' योजना लायी गयी है, जो मुख्यतः सीकर, पाली व चुरु जैसे जिलों में चलाया जा रहा है जहाँ पानी की कमी ज्यादा है।

**47. बैराठ में कौन-सा जिला सम्मिलित नहीं है?**

(a) अलवर (b) जयपुर
(c) अजमेर (d) टोंक

**Economic Investigator (उद्योग विभाग) -2018**
**(Exam Dt. 25 March 2019)**

**Ans. (c)** बैराठ को प्राचीन ग्रंथों में विराटनगर कहा जाता था, जो मत्स्य जिले की राजधानी थी। बैराठ का विस्तार राज्य के जयपुर, अलवर, टोंक, भरतपुर व दौसा जिलो में है। अजमेर इसमें शामिल नहीं है।

**48. निम्नलिखित में से कौन सा सर्वोच्च पर्वत शिखर है-**

(a) अचलगढ़ (b) सज्जनगढ़
(c) खौ (d) रघुनाथगढ़

**Complier Exam Date-21.08.2016**

**Ans. ( a)** राजस्थान में प्रमुख सर्वोच्च शिखर चोटी–

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सज्जनगढ़ | – | सिरोही | – | 938 मीटर |
| अचलगढ़ | – | सिरोही | – | 1380 मीटर |
| रघुनाथगढ़ | – | सीकर | – | 1055 मीटर |
| खौ | – | अलवर | – | 920 मीटर |



Nitin-Gupta.com
GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

# 02.

# राजस्थान का भूगोल एवं अर्थव्यवस्था

## (i) राजस्थान : परिचय, स्थिति, विस्तार एवं मुख्य भौतिक विभाग

**1. कोपेन के जलवायु वर्गीकरण के अनुसार, डूंगरपुर और बांसवाड़ा जिलों में किस प्रकार की जलवायु पाई जाती है?**

(a) BWhw (b) BShw
(c) CWg (d) Aw

**Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-C**

**Ans. (d) :** कोपेन ने राजस्थान की जलवायु को 4 भागों में विभक्त किया है। AW या उष्णकटिबंधीय आर्द्र जलवाय प्रदेश के अंतर्गत डूंगरपुर, बाँसवाड़ा, चित्तौड़गढ़, झालावाड़ जिले सम्मिलित है। BShw या ऊष्ण कटिबंधीय शुष्क मरुस्थलीय जलवायु प्रदेश के अंतर्गत जैसलमेर, बीकानेर, हनुमानगढ़, गंगानगर तथा उत्तर-पश्चिमी जोधपुर जिले आते है। Cwg या उपोष्ण कटिबंधीय आर्द्र जलवायु प्रदेश के अंतर्गत अरावली के दक्षिण-पूर्वी भाग के प्रदेश सम्मिलित हैं।

**2. अरावली पर्वतमाला के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन-से तथ्य सत्य हैं?**

**(i) इसका निर्माण कैम्ब्रियन युग में हुआ था।**
**(ii) वर्तमान में यह अवशिष्ट पर्वत के रूप में है।**
**(iii) यह मुख्यतः आग्नेय चट्टानों से निर्मित है।**
**(iv) यह दक्षिण-पश्चिम से उत्तर-पूर्व दिशा में विस्तृत है।**
**कूट :**

(a) iii और iv (b) i, ii, iii और iv
(c) ii और iv (d) i और ii

**Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-D**

**Ans. (c) :** अरावली विश्व के प्राचीनतम पर्वतों में से एक है। इसे अवशिष्ट पर्वत भी कहा जाता है। इसका निर्माण आर्कियन युग में हुआ था। इसका निर्माण पूर्व- कैम्ब्रियन युगीन क्वार्टजाइट, नीस तथा शिष्ट शैलों से निर्मित है। यह दक्षिण-पश्चिम से उत्तर-पूर्व दिशा में विस्तृत है। यह श्रेणी पालनपुर (गुजरात) से राजस्थान होकर दिल्ली तक लगभग 800 कि.मी. लम्बाई में विस्तृत है।

**3. राजस्थान के निम्नलिखित जिलों को उत्तर से दक्षिण की ओर सही क्रम में व्यवस्थित करें-**

**(i) श्रीगंगानगर (ii) जालौर**
**(iii) जोधपुर (iv) बीकानेर**
**कूट :**

(a) (ii), (i), (iii), (iv) (b) (i), (ii), (iii), (iv)
(c) (i), (iv), (iii), (ii) (d) (ii), (iv), (iii), (i)

**Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-D**

**Ans. (c) :** राजस्थान के जिलों का उत्तर से दक्षिण की ओर सही क्रम है- श्रीगंगानगर, बीकानेर, जोधपुर, जालौर।

**4. कोपेन के जलवायु वर्गीकरण के अनुसार, राजस्थान के किन जिलों में 'स्टेपी जलवायु' पायी जाती है?**

(a) जैसलमेर और बीकानेर
(b) गंगानगर और हनुमानगढ़
(c) बाड़मेर, जालौर और जोधपुर
(d) जयपुर, दौसा और टोंक

**Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-D**

**Ans. (c) :** कोपेन के जलवायु वर्गीकरण के अनुसार, राजस्थान के जालौर, बाड़मेर, पाली, नागौर, जोधपुर, सीकर, चुरू जिलों में 'स्टेपी जलवायु' पायी जाती है। इस प्रदेश में शीत ऋतु शुष्क होती है तथा वर्षा भी कम (20-40cm) होती है। यहाँ स्टेपी प्रकार की वनस्पति पायी जाती है। कांटेदार झाड़ियाँ एवं घास यहाँ की मुख्य विशेषता है।

**5. राजस्थान की निम्नलिखित पर्वत चोटियों को ऊँचाई के अनुसार अवरोही क्रम में व्यवस्थित कीजिए-**

(a) सज्जनगढ़-लीलागढ़-रघुनाागिढ़-जरगा
(b) जरगा-रघुनाथगढ़-सज्जनगढ़-लीलागढ़
(c) जरगा-लीलागढ़-सज्जनगढ़-रघुनाथगढ़
(d) रघुनाथगढ़-जरगा-लीलागढ़-सज्जनगढ़

**Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-B**

**Ans. (b) :** राजस्थान की मुख्य पर्वत श्रेणी अरावली दक्षिण-पश्चिम में सिरोही से लेकर उत्तर-पूर्व में खेतड़ी तक श्रृंखलाबद्ध है। इस पर्वत श्रेणी की औसत ऊँचाई लगभग 1225 मीटर है। प्रमुख पर्वत श्रेणिों की ऊँचाई का अवरोही क्रम इस प्रकार है- जरगा (1431 मी.) रघुनाथगढ़ (1055 मी.), सज्जनगढ़ (944 मी.) लीलागढ़ (874 मी.)

**6. मानसून 2021 के दौरान, निम्न में से किस जिले में असामान्य (सामान्य से 60% ज्यादा) वर्षा हुई?**

(a) बांसवाड़ा (b) सीकर
(c) चूरू (d) बाड़मेर

**Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-B**

**Ans. (c) :** राजस्थान में सामान्य वर्षा 57.5 सेमी. होती है। 50 सेमी. की समवर्षा रेखा राज्य को दो भागों में विभाजित करती है। इसके दक्षिण और पूर्व में अधिक वर्षा होती हैं मानसून 2021 में चुरू जिले में सामान्य से अधिक वर्षा (60% ज्यादा) हुई थी।

**7. राजस्थान का सबसे बड़ा कृषि - जलवायु प्रदेश कौनसा है?**



Nitin-Gupta.com
GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

(a) शुष्क पश्चिमी मैदान
(b) अति शुष्क आंशिक सिंचित क्षेत्र
(c) आंतरिक प्रवाह का शुष्क क्षेत्र
(d) उप आर्द्र दक्षिणी मैदान

**Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-A**

**Ans. (b) :** राजस्थान को कुल 10 कृषि-जलवायु क्षेत्रों में विभाजित किया गया है। राजस्थान का सबसे बड़ा कृषि जलवायु प्रदेश अति शुष्क मैदानी पश्चिमी क्षेत्र (IC) है, जो जैसलमेर, बीकानेर और चुरु जिले में विस्तृत है। इस क्षेत्र की औसत वर्षा 100-350 मिमी. है।

**8. निम्नांकित में से कौनसा (स्थलाकृति - अवस्थिति) सही सुमेलित नहीं है?**
(a) उड़िया पठार - मा. आबू
(b) भारक - पूर्वी सिरोही
(c) लसाड़िया पठार - राजसमन्द
(d) भोराट पठार - कुम्भलगढ़ से गोगुन्दा के मध्य

**Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-A**

**Ans. (c) :** सही सुमेलन इस प्रकार है -

| | | |
|---|---|---|
| उड़िया पठार | - | माउंट आबू |
| भाकर | - | पूर्वी सिरोही |
| लसाड़िया पठार | - | राजसमन्द झील और उदयपुर के मध्य |
| भोराट पठार | - | कुम्भलगढ़ से गोगुन्दा के मध्य |

**9. राजस्थान के कितने जिलों में थार रेगिस्तान फैला हुआ है?**
(a) 5 (b) 6
(c) 7 (d) 12

**LDC Exam 09.09.2018**

**Ans. (d)** थार रेगिस्तान का विस्तार राजस्थान के 12 जिलों- बाड़मेर, जोधपुर, जैसलमेर, बीकानेर, गंगानगर, हनुमानगढ़, जालौर, पाली, नागौर, चुरू, झुंझनूं और सीकर जिलों में है। थार मरूस्थल विश्व का सर्वाधिक जनसंख्या घनत्व वाला मरूस्थल है।

**10. राजस्थान राज्य की सीमा को स्पर्श करने वाले भारतीय राज्यों की संख्या है-**
(a) 3 (b) 5
(c) 6 (d) 8

**पशुधन सहायक भर्ती परीक्षा-2018**

**Ans. (b)** राजस्थान के पाँच पड़ोसी राज्य है- पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश एवं गुजरात।

**11. राजस्थान का दक्षिणतम अक्षांश क्या है?**
(a) 23°31' दक्षिणी (b) 23°30' दक्षिणी
(c) 23°3' उत्तरी (d) 23°30' उत्तरी

**पुस्तकालयाध्यक्ष ग्रेड-III परीक्षा तिथि:19-09-2020**

**Ans. (c)** राजस्थान का दक्षिणतम अक्षांश 23°3' उत्तरी है। राजस्थान भारत के पश्चिमी भाग में 23°3' उत्तरी अक्षांश से 30°12' उत्तरी अक्षांश के मध्य तथा 69°30' पूर्वी देशांतर से 78°17' पूर्वी देशांतर के मध्य स्थित है। इसका उत्तर से दक्षिण का विस्तार 826 किमी तथा पूर्व से पश्चिम का विस्तार 869 किमी है। राजस्थान राज्य का क्षेत्रफल लगभग 3,42,239 वर्ग किमी है।

**12. राजस्थान का सर्वोच्च पठार है-**
(a) मेसा (b) हाड़ोती
(c) भोराट (d) उड़िया

**कनिष्ठ लिपिक अभियन्ता 18-05-2022**

**Ans. (d) :** राजस्थान का सर्वोच्च पठार उड़िया पठार (1360 मी.) है। यह सिरोही जिले में स्थित है।

**13. अनुप्रस्थ बालुका टीले राजस्थान के किन जिलों में मिलते हैं?**
(a) बीकानेर-गंगानगर (b) जोधपुर-बाड़मेर
(c) जालौर-पाली (d) जोधपुर-नागौर

**कनिष्ठ लिपिक अभियन्ता 18-05-2022**

**Ans. (a) :** अनुप्रस्थ बालुका टीले राजस्थान के बीकानेर-गंगानगर जिले में मिलते हैं। रेत के टीले हवा की दिशा में समकोण पर उन्मुख लम्बी-लम्बी लकीरों के रूप में बनते हैं। जिन्हें अनुप्रस्थ टिब्बा के रूप में जाना जाता है।

**14. राजस्थान की स्थलीय सीमाएँ कितने किलोमीटर लंबी है?**
(a) 1070 (b) 869
(c) 826 (d) 5920

**कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (भौतिक) भर्ती परीक्षा-2019**

**Ans. (d)** राजस्थान की स्थलीय सीमा की लम्बाई 5920 किलोमीटर है। इसमें 1070 किमी पाकिस्तान से लगती है और 4850 की सीमा हरियाणा, उत्तर प्रदेश, पंजाब, मध्य प्रदेश एवं गुजरात राज्यों से लगती है।

**15. राजस्थान का क्षेत्रफल भारत के कुल क्षेत्रफल का ------- प्रतिशत है।**
(a) 9.95% (b) 10.55%
(c) 10.41% (d) 11.45%

**RPSC College Lecturer 31-10-2018**

**Ans. (c) :** राजस्थान का क्षेत्रफल 342239 वर्ग किमी. है जो भारत के कुल क्षेत्र का 10.41 प्रतिशत है। क्षेत्रफल की दृष्टि से यह भारत का सबसे बड़ा राज्य है। राजस्थान की उत्तर से दक्षिण लम्बाई 826 किमी. तथा पूर्व से पश्चिम लम्बाई 869 किमी. है। राजस्थान का सबसे बड़ जिला जैसलमेर तथा सबसे छोटा जिला धौलपुर है।

**16. क्षेत्रफल की दृष्टि से निम्नलिखित में से कौन-सा राजस्थान के बाद सबसे बड़ा राज्य है?**
(a) उत्तर प्रदेश (b) मध्य प्रदेश
(c) आन्ध्र प्रदेश (d) महाराष्ट्र

**कनिष्ठ अनुदेशक (कोपा) भर्ती परीक्षा-2018**

**Ans. (b)** क्षेत्रफल की दृष्टि से राज्यों का क्रम- राजस्थान, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश।

**17. निम्नांकित में से कौन सी पर्वत चोटियाँ उनकी ऊँचाई के अवरोही क्रम में सही है?**
(a) अचलगढ़, जरगा, देलवाड़ा व सेर
(b) सेर, देलवाड़ा, जरगा व अचलगढ़
(c) दिलवाड़ा, जरगा, सेर व अचलगढ़
(d) जरगा, सेर, देलवाड़ा व अचलगढ़

**Prayogshala Sahayak (Geography)-30.06.2022**



Nitin-Gupta.com
GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

Ans. (b) : सही विकल्प-सेर देलवाड़ा, जरगा, व अचलगढ़

| | पर्वत चोटियाँ | | ऊँचाई |
|---|---|---|---|
| (i) | सेर (सिरोही) | - | 1597 मी. |
| (ii) | देलवाड़ा (सिरोही) | - | 1442 मी. |
| (iii) | जरगा (उदयपुर) | - | 1431 मी. |
| (iv) | अचलगढ़ (सिरोही) | - | 1380 मी. |

**18. राजस्थान की उत्तर में दक्षिण की लम्बाई है-**

(a) 826 किमी (b) 869 किमी
(c) 650 किमी (d) 550 किमी.

**कनिष्ठ अभियन्ता (सिविल) संयुक्त भर्ती परीक्षा-2020**

Ans. (a) राजस्थान का कुल क्षेत्रफल 342239 वर्ग कि.मीहै। इसकी उत्तर-दक्षिण लम्बाई 826 किमीतथा पूर्व पश्चिम लम्बाई 869 किमी है। क्षेत्रफल की दृष्टि से देश का सबसे बड़ा राज्य है।

**19. राजस्थान का राज्य पुष्प है-**

(a) कचनार (b) रोहिड़ा
(c) सूरजसूखी (d) नाग केसर

**RPSC प्रयोगशाला सहायक (विज्ञान) 28.06.2022**
**पशुधन सहायक 04.06.2022**
**RPSC RAS (Pre) 2021**

Ans. (b) : रोहिड़ा के फूल को वर्ष 1983 में राजस्थान का राज्य पुष्प घोषित किया गया। इसे मारवाड़ का सागौन या रेगिस्तान का सागवान भी कहते हैं इसका वैज्ञानिक नाम 'टेकोमेला अण्डुलता' (Tecomella Undulada) है। रोहिड़ा सर्वाधिक थार रेगिस्तान अर्थात राजस्थान के पश्चिमी क्षेत्र में पाया जाता है। खेजड़ी (प्रोसोपिस सिनेरेरिया) को 31 अक्टूबर 1983 को राजस्थान का राज्य वृक्ष घोषित किया गया था। इसे रेगिस्तान का कल्पवृक्ष भी कहते हैं। ऊँट राजस्थान का राज्य पशु (पशुधन श्रेणी में) है। चिंकारा वन्य जीव श्रेणी में राजस्थान का राज्य पशु है। गोडावन या ग्रेट इण्डियन बस्टर्ड राजस्थान का राज्य पक्षी है।

**20. राजस्थान का राज्य वृक्ष है-**

(a) प्रोसोपिस सिनेरेरिया (b) टेकोमेला उण्डुलेटा
(c) प्रोसोपिस जूलीफ्लोरा (d) होहोबा

**RPSC Kanishta Abhiyanta (Y.V.) 20-05-2022, Shift-II**

Ans. (a) : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**21. निम्नलिखित में से कौन-सा जिला राजस्थान में 'मरु त्रिकोण' का भाग नहीं है?**

(a) जोधपुर (b) बीकानेर
(c) बाड़मेर (d) जैसलमेर

**RPSC RAS (Pre) 2021**

Ans. (c) : राजस्थान में 'मरु त्रिकोण' (Desert Triangle) के अन्तर्गत जोधपुर, बीकानेर तथा जैसलमेर को शामिल किया जाता है। इसमें बाड़मेर शामिल नहीं है।

**22. निम्न में से थार मरुस्थल के भाग हैं?**

(A) गोड़वाड़ प्रदेश (B) शेखावाटी प्रदेश
(C) बनास का मैदान (D) घग्गर का मैदान

(a) (A) एवं (B) (b) (B) एवं (C)
(c) (A), (B) एवं (D) (d) (A), (C) एवं (D)

**RPSC RAS (Pre) 2021**

Ans. (c) : थार मरुस्थल का विस्तार राजस्थान राज्य में स्थित अरावली पर्वतमाला के पश्चिम में है। गोड़वाड़ प्रदेश (पाली जिला), शेखावाटी प्रदेश (सीकर और झुंझुनू जिले), घग्घर का मैदान (हनुमानगढ़ जिला) क्षेत्र थार मरुस्थल का भाग है।

⇒ बनास का मैदान अरावली पर्वतमाला के पूर्व में राजसमंद, चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा, टोंक जिलों में अवस्थित है।

**23. डग-गंगधार उच्च भूमियाँ अवस्थित हैं-**

(a) उत्तरी अरावली प्रदेश में
(b) दक्षिणी अरावली प्रदेश में
(c) हाड़ौती पठारी प्रदेश में
(d) नागौरी उच्च भूमियाँ प्रदेश में

**कनिष्ठ अभियन्ता (डिप्लोमाधारक)-10-05-2022**

Ans. (c) : डग-गंगधार उच्च भूमियाँ हडौती पठारी प्रदेश में अवस्थित है। हाड़ौती पठारी प्रदेश, दक्षिणी, पूर्वी पठार का भाग है। डग उच्च क्षेत्र, चम्बल बेसिन में स्थित खड्ड एवं उबड़-खाबड़ भूमि युक्त अनुपजाऊ क्षेत्र है जो डाकुओं का आश्रय स्थल है। सापेक्षिक दृष्टि से यह भाग अस्पष्ट अधर प्रवाह क्षेत्र (An area of ill drained inferior drainage) के अन्तर्गत आता है। विन्ध्यन कगार भूमि व दक्कन लावा पठार इसी भौतिक क्षेत्र में आते हैं। इस भू-भाग का सर्वोच्च चांदबाड़ी (झालावाड़) है।

**24. निम्नलिखित में से कौन सा (पर्वतीय चोटी-ऊँचाई (मीटर) सुमेलित नहीं है?**

(a) जरगा - 1431 (b) अचलगढ़ - 1280
(c) सेर - 1597 (d) रघुनाथ - 1055

**RPSC Librarian Gr-III 11-09-2022 Shift-I**

Ans. (b) : अचलगढ़ पर्वतीय चोटी की ऊँचाई 1380 मीटर है, जो सिरोही जनपद में स्थित है। गुरूशिखर सिरोही जिले के माउण्ट आबु में अवस्थित है। यह राजसथान अरावली पर्वत शृंखला की सर्वोच्च चोटी है। विस्तार के आधार पर अरावली पर्वतमाला को तीन भगों में बाँटा जाता है -

| 1. उत्तर पूर्वी अरावली क्षेत्र की पर्वत चोटियाँ- | |
|---|---|
| रघुनाथ गढ़ (सीकर) -1055 मी. | खोह (जयपुर) -920 मी. |
| हर्षनाथ (सीकर)- 820मी. | भैराच (अलवर)- 792 मी. |
| बरवारा (जयपुर)- 786 मी. | बाबई - 780मी. |
| बिलाली (अलवर)-775 मी. | बैराठ (जयपुर)-704 मी. |
| भानगढ़ (अलवर)-649 मी. | जयगढ़(जयपुर)-648मी. |
| 2. मध्य अरावली की पर्वत चोटियाँ- | |
| गोरामजी (अजमेर)-934 मी. | मारायजी टाडगढ़(अजमेर)-933मी. |
| तारागढ़ (अजमेर)-870मी. | नाग पहाड़ (अजमेर)-795मी. |
| 3.दक्षिणी अरावली की पर्वत चोटियाँ- | |
| गुरूशिखर (सिरोही)-1722मी. | सेर (सिरोही)-1597मी. |



Nitin-Gupta.com
GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

| | |
|---|---|
| दिलवाड़ा (सिरोही)-1442मी. | जरगा (उदयपुर)-1431मी. |
| अचलगढ़ (सिरोही)-1380मी. | आबू (सिरोही)-1295मी. |
| कुंभलगढ़ (राजसमंद)-1224मी. | घोनिया डुँगर (राजसमंद)-1183 मी. |
| ऋषिकेश (सिरोही)-1017मी. | कमलनाथ (उदयपुर)-1001मी. |
| सायरा (उदयपुर)-900 मी. | सज्जनगढ़ (उदयपुर)-938मी. |
| डोरा पर्वत (जसवंतपुरा)-869 मी. | गोगुण्डा (उदयपुर)-840मी. |
| रोजा भाकड़ (जालौर)-730मी. | झारेला (जालौर)-730मी. |
| कोटड़ा -450मी. | |

**25. अरावली पर्वतमाला की सबसे ऊँची चोटी 'गुरु शिखर' कहां स्थित है?**

(a) माउण्ट आबू (b) जयपुर
(c) कोटा (d) इनमें से कही नहीं

**पुस्तकालय (लाइब्रेरियन) भर्ती परीक्षा- 2019**

**Ans. (a)** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**26. पर्वत चोटियों को उनकी ऊँचाई के साथ सुमेलित कीजिये-**

1. अचलगढ़ (a) 920 मी
2. खो (b) 1380 मी
3. भैराच (c) 704 मी
4. बैराठ (d) 792 मी

**सही उत्तर चयन कीजिए-**

| | 1 | 2 | 3 | 4 | | 1 | 2 | 3 | 4 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | a | b | d | c | (b) | b | a | d | c |
